an>

Title: Need to open High Court bench in western Uttar Pradesh.

डॉ. रामशंकर कठेरिया (आगरा) : महोदय, उत्तर प्रदेश जनसंख्या की दृष्टि से बहुत बड़ा है। पूरे उत्तर प्रदेश में केवल एक इलाहाबाद में हाई कोर्ट बेंच है। पूरे उत्तर प्रदेश में कई बार और लगातार एक आन्दोलन चल रहा है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना हो। इसके लिए भारत सरकार ने जसवंत सिंह आयोग का गठन किया, जिसमें लाखों रूपये खर्च किये गये और उसके आधार पर जसवंत सिंह आयोग रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी, जिसमें कहा गया कि आगरा में हाई कोर्ट खंडपीठ की स्थापना हो। लेकिन इतने खर्चे के बाद अभी तक हाई कोर्ट खंडपीठ की स्थापना नहीं हुई, यह हमारी सरकार से मांग है।